जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग तथा एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में "इजराइल-हमास युद्ध एवं वैश्विक चुनौतियां" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डा. अभिषेक सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 07 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल पर किये गये आतंकवादी हमले और प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल द्वारा हमास पर किया जाने वाला लगातार सैन्य आक्रमण पूरे विश्व की सुरक्षा के लिए एक चुनौती बना हुआ है। हमास द्वारा इजराइल पर जिस प्रकार से आतंकवादी हमला किया गया वह बिल्कुल ही अप्रत्याशित एवं इजराइल के ऊपर अब तक का सबसे बड़ा हमला था। इससे इजराइल ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया स्तब्ध रह गयी और दुनिया के तमाम देशों ने इसकी निन्दा करते हुए इजराइल को उसके साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। भारत भी इजराइल के साथ खड़ा रहा है। वहीं दूसरी तरफ हमास द्वारा इजराइल पर आतंकी हमले का कई इस्लामिक देशों में जश्न मनाया गया। आज इजराइल हमास युद्ध को लेकर पूरी दुनिया लगभग दो गुटों में बट चुकी है। कई इस्लामिक देश एवं आतंकवादी संगठन हमास के साथ खुलकर साथ खड़े है और उसे सैन्य सहायता भी पहुँचा रहे हैं।

यदि इसी तरह से ध्रुवीकरण बढ़ता गया तो यह युद्ध पूरे विश्व में फैल सकता है। दुनियां में कोई भी सभ्य समाज आतंकवाद को पोषित नहीं कर सकता है और न समर्थन ही कर सकता है। इस लिए पूरे विश्व के लिए यह आवश्यक है कि वे हमास जैसे खूंखार और मानवता विरोधी आतंकवादी संगठन को जड़ से समाप्त करने हेतु मिलकर प्रयत्न करें। इस व्याख्यान का संचालन विभाग के सहायक आचार्य विवेक कुमार विश्वकर्मा ने किया और विभागाध्यक्ष रमाकान्त दुबे ने मुख्य वक्ता के प्रति आभार प्रकट किया। इस विशिष्ट व्याख्यान में रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। रसायन विज्ञान विभाग द्वारा स्नातक स्तर पर व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रति भागियों ने भिन्न-भिन्न विषयों को लेकर जैसे-केमिस्ट्र ऑफ लैंथेनाइड्स, अल्केन्स एण्ड साइक्लों अल्केन्स, केमिस्ट्री ऑफ ट्रेन्जिशन एलिमेन्ट्स, फुलेरेन्स आदि बिन्दुओं पर आकर्षक पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बी.एस-सी. रसायन विज्ञान के कुल 21 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के रसायन विज्ञान विभाग के अवकाश प्राप्त/वृद्ध आचार्य डा.एच.सी. गुप्ता ने विद्यार्थियों को पॉवर प्वाइंट तैयार करने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल के संदस्य के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार वर्नवाल, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, मुख्य अतिथि डॉ. एच.सी. गुप्ता ने बी.एस-सी. पंचम सेमेस्टर की शिल्पी सिंह को प्रथम, पंकज कुशवाहा को द्वितीय एवं अंजली मिश्रा को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम सहाय ने किया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



गोरखपुर, मंगलवार, ०७ नवम्बर, २०२३ ४ आज

उच्च शिक्षा में ई-लाइब्रेरी आज की सबसे बड़ी आवश्यकता-डा.विभाष कुमार मिश्र

जंगल धूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में ई-लाइब्रेरी के शुभारम्भ के अवसर पर पुस्तकालय द्वारा "उच्च शिक्षा में ई-लाइब्रेरी का महत्व" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के केन्द्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष डा.विभाष कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में ई-लाइब्रेरी आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में आई.सी.टी. का विशेष महत्व है। नई सोच एवं नई अन्वेषण के लिए परम्परागत व्यवस्था को आधुनिक व्यवस्थाओं में बदलने के लिए लाइब्रेरी आटोमेशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान में चाहें पुस्तकों का मूल्य हो, संस्करण हो या लेखक की जानकारी लेनी हो, आटोमेशन के माध्यम से पुस्तकों से सम्बन्धित कोई भी जानकारी तत्काल प्राप्त की जा सकती है। ई-लाइब्रेरी ने छात्रों, शिक्षकों एवं पुस्तकालयों की दूरी को कम कर दिया है। एक डिजिटल लाइब्रेरी जिसे ई-लाइब्रेरी के रूप में भी जाना जाता है।




ई-लाइब्रेरी का उद्देश्य पत्रिका, रेफरेंस, पुस्तकों, आर्टिकल फाइलों और थीसिस फाइलों को स्कैनिंग, एक्सेस और प्रतिभिति करना है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है ई-लाइब्रेरी बौद्धिक उपयोग के लिए एक बेहतर विकल्प और किफायती समाधान के रूप में उभर रही है। आज नई तकनीकों के साथ जुड़े रहना महत्वपूर्ण है। जो विद्यार्थियों, शिक्षकों के लिए सीखने के अनुभव को बढ़ाएगी और चुनौतियों का सामना करने में उनके कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ायेगी। कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक आचार्य श्री प्रियांशु श्रीवास्तव जी ने किया। अतिथि स्वागत एवं आभार ज्ञापन पुस्तकालय प्रभारी डा.हनुमान प्रसाद उपाध्याय, सहायक आचार्य समाजशास्त्र विभाग ने किया। इस अवसर पर डा.मनोज कुमार द्विवेदी, सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं महाविद्यालय के शिक्षक डा.अर्चना गुप्ता, श्री अनूप कुमार पाण्डेय तथा श्री गोविन्द प्रसाद पुस्तकालय अध्यक्ष एवं विनोद कुमार सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष सहित अनेक छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहें। इसी कड़ी में रक्षा एवं स्वातंत्रिक अध्ययन विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बापू पी.जी. कालेज के रक्षा एवं स्वातंत्रिक विभाग के सहायक आचार्य डा.करुणेश सिंह ने कहा कि किसी राष्ट्र की शक्ति इस बात पर निर्भर नहीं करती है कि उस राष्ट्र के पास कितने संसाधन है बल्कि राष्ट्र के पास उपलब्ध संसाधनों को नियोजित कर उसे राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करने की कला उस राष्ट्र की शक्तिशाली बनाती है। इसमें राष्ट्र की रक्षा एवं विदेश नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्षा एवं विदेश नीति का मूल आधार सरकार का दृष्टिकोण होता है जिस राष्ट्र में जिस तरह की सरकारें बनती है उसी के अनुरूप उस राष्ट्र की रक्षा एवं विदेश नीति भी परिवर्तित हो जाती है। वर्तमान समय की भारत की रक्षा एवं विदेश नीति इसका उदाहरण है। भारत की वर्तमान रक्षा एवं विदेश नीति विकासोन्मुख है और सभी छात्र एवं छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहें। इसक्रम में बी.एड. विभाग के तत्वाधान में बी.एड.प्रथम सेमेस्टर के नव आगतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ बी.एड.तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा नव-आगतुक विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनके स्वागत से किया गया। तदोपरान्त आरिएन्टेशन प्रोग्राम में नव-आगतुक विद्यार्थी एवं विभागीय शिक्षक एक दूसरे से परिचित हुए। प्रोग्राम में विद्यार्थियों को संस्थागत कार्य हुए जी.एड. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिखा सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं परिसर संस्कृति से परिचय कराया। आगे यह भी बताया कि महाविद्यालय आपके है, आपके लिए है। प्रत्येक सभा महाविद्यालय की आत्मा है। आगे उन्होंने महाविद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, आचरण व्यवहार, पठन-पाठन, समय सारणी, कक्षाआयोजन, मासिक मूल्यांकन, पाठ्यचर्या, महाविद्यालय स्तरीय शिक्षक प्रतिभूति प्रपत्र, उपस्थिति आवश्यकता, प्रभाग एवं पाठ्यक्रम, शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को गोद लेने के परम्परा, विभाग द्वारा अभिग्रहित ग्राम (शिक्षण संकुल) रूपी प्रतिनिधि परीक्षा एवं उपप्रवेश चुनाव आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के कुल 67 विद्यार्थियों सहित विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहें। इस क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नवदाता नागरूकता अभियान के अन्तर्गत स्वैच्छिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित हो कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग की। सभी स्वयंसेवकों ने स्वागत लेखन एवं चयन में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए स्लोगन लिखे- आओ सब मिलकर बचाएं इस धरा को हरा-भरा आएं, जन-जन को जल संरक्षण अभियान हमारा, संकल्प हमारा नहीं टूटे, कोई मदद्दा न टूटे। देर तक्की तभी करेंगे, हर वोटर जब वोट करेगा, भाई से या नारी, सबसे भारी जिम्मेदारी आदि स्लोगन के माध्यम से जनसाधारण जागरूकता का परिचय दिये। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवक/स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया।जिसमें प्रथम स्थान सुहानी प्रजापति द्वितीय स्थान-शिवम कुमार तथा तृतीय स्थान मंझा चैहान ने प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में डा.अभय कुमार ओझालय, अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग, डा.दीपशिखा नागवंशी, अध्यक्ष गृहविज्ञान विभाग, सुश्री शिवानी सिंह, सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संयोजन डा.आकिलेश कुमार गुप्त तथा संचालन व आभार ज्ञापन डा.अरसी सिंह कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा' कार्यात्मक संश्लेषण में अभिकर्मक की उपयोगिता'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता नार्थ ईस्टर्न रिजनल इन्स्टीट्यूट ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, इटानगर अरूणाचल प्रदेश के सहायक आचार्य डा.नागेन्द्र नाथ यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार के अभिकर्मकों जैसे- निलहाल अभिकर्मक, एस.डी.ए. डी.सी.सी. डाईमेथ्रीन, क्लिरकिंसन उत्प्रेरक, पीटर्सन संश्लेषण, फेज ट्रान्सफर अभिकर्मक आदि के प्रयोगात्मक उपयोग, सुक्ष्म तथा विभिन्न प्रकार की अभिक्रियाएं एवं इनकी स्टीरियो केमेस्ट्री का वर्णन किया। विशेषज्ञ अभिकर्मक पर चर्चा करते हुए उन्होंने जानकारी दी कि यह अभिकर्मक हमेशा ड्राईएन के रूप में पाया जाता है। आगे उन्होंने सभी अभिकर्मकों के उपयोगिता के विषय में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डा.राम सहाय एवं आभार ज्ञापन रसायन विभाग के अध्यक्ष डा.शिव कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षक उपस्थित रहें।

आज गोरखपुर, बुधवार, ०८ नवम्बर, २०२३ ४

भारत में क्रांतिकारी विचारों के जनक थे विपिन चन्द्र पाल

जंगल धूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में भौतिक विज्ञान विभाग एवं सर्वत्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला में किया गया। इस प्रतियोगिता का 'विषय' भौतिक विज्ञान विषय में अनुप्रयुक्त गणित का प्रयोग' था। इस पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एस-सी. तृतीय सेमेस्टर के 30 विद्यार्थियों ने सहभाग किया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने विविध भौतिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान के आयामों का सजीव चित्रण किया। लेजर, मलिक लेजर एवं रूबी लेजर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाया। साथ ही साथ आधुनिक लेजर तकनीक इन्टरनेट विषयों पर विद्यार्थियों ने निर्णायक मण्डल के समक्ष विषद विवेचना प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त कुछ लेजर द्वारा दवाओं की गुणवत्ता, अन्न पदार्थों की गुणवत्ता को स्पष्ट करते हुए छात्रों ने सामाजिक पहलू को भी उजागर किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सहायक आचार्य डॉ. अरुण कुमार राय एवं डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर थे। संयोजक मंडल में डीकाना मणि त्रिपाठी एवं श्री अभिषेक वर्मा रहे।



निर्णायक मण्डल की समीक्षा के उपरान्त प्रभु मिश्रा को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्रतिभा गुप्ता तथा अंजली चौधरी को, तृतीय स्थान शिवानी रंजन तथा सरिथ यादव को प्रदान किया गया। प्राचार्य सभा में 'विपिन चन्द्र पाल जयन्ती एवं सी.वी.रमन जयन्ती के अवसर पर बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की नेहा सिंह ने कहा कि सी.वी. रमन का पूरा नाम चन्द्रशेखर वेंकटरमन था, वह भारतीय भौतिक शास्त्री थे। उनका जन्म 07 नवम्बर 1888 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली नामक स्थान में हुआ था, उनके पिता चन्द्रशेखर अय्यर, एस.पी.जी. कालेज में भौतिकी के प्राध्यापक थे, उनकी माता पार्वती अम्मल एक सुसंस्कृत परिवार की महिला थी। उन्होंने अल्प अवस्था में ही भौतिक की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी, उन्होंने बी.ए. की परीक्षा में विश्वविद्यालय में अव्वल ही प्रथम श्रेणी में आए। उनको भौतिकी में स्वर्ण पदक दिया गया, 1928 में देश के महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन ने रमन इफेक्ट की खोज की थी। उनकी इस खोज के सम्मान में 28 फरवरी को नेशनल साइंस डे के रूप में मनाया जाता है। इसी आविष्कार के लिए सी.वी. रमन जी को 1930 में विज्ञान का नोबेल पुरस्कार मिला था। उनको यह नोबेल पुरस्कार प्रकाश के प्रकीर्णन पर उनके कृत्य और उनके नाम पर प्रभाव की खोज के लिए दिया गया था। उनको भारत रत्न लेनिन शांति पुरस्कार से भी नवाजा गया उन्हें फेकल्टि मेंबर से भी पुरस्कृत किया गया। विपिन चन्द्र पाल जयन्ती के अवसर पर श्री भीम सिंह ने 'विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विपिन चन्द्र पाल एक भारतीय नेता थे तथा भारत में क्रांतिकारी विचारों के जनक थे। उनका जन्म 07 नवम्बर 1858 में हबीगंज सदर उपजिला, सिलहेट में हुआ था। उनके पिता रामचन्द्र पाल, उनकी माता नारायणी देवी उनकी शिक्षा कोलकाता विद्यापीठ, कलकता विधि से हुई। उन्होंने 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में अंग्रेजी शासन के बिरुद्ध आंदोलन किया जिसे बड़े स्तर पर जनता का समर्थन मिला। इन्होंने ब्रिटेन में तैयार उत्पादों का बहिष्कार किया, उनके अनुसार विदेशी उत्पादों के कारण भारत देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ रही थी और अपने लोगों का काम छीना जा रहा था। उन्होंने अपने आन्दोलन में इस विचार को सामने रखा, आंदोलन को नई दिशा दी और लोगों को जागरूक किया, वह शिक्षक, समाज सुधारक वक्ता, लेखक और पत्रकार के रूप में जाने जाते है ऐसे महान विभूतियों को नमन विद्यालय परिवार श्रद्धांजलि अर्पित करता है। रोवर्स /रेंजर्स के तत्वाधान में महाविद्यालय में भारत स्काउट गाइड का 70वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में रेंजर्स रोना, रेनू तथा अनुजा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत स्काउट गाइड की स्थापना 07 नवम्बर 1950 को की गयी। तब से हर वर्ष 07 नवम्बर को स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्तर पर स्काउटिंग की स्थापना का श्रेय पं. मदन मोहन मालवीय डॉ. हृदय नारायण मुंजेस, यूनी बेसेंट, श्रीराम बाजपेयी आदि महापुरुषों को जाता है। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी, रोवर्स/रेंजर्स ने किया। इस अवसर पर श्री अभिषेक त्रिपाठी, सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग एवं श्रीमती पूजा त्रिपाठी, सहायक आचार्य बी.एड. विभाग उपस्थित रहें। कार्यक्रम में कुल 38 रोवर्स/रेंजर्स उपस्थित रहें। गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'शिशु सुरक्षा दिवस' के अवसर पर 'शिशु स्वास्थ्य एवं सुरक्षा' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान सम्पन्न हुआ।

मुख्य वक्ता महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र की गृहविज्ञान विषय की विषय विशेषज्ञ डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि शिशुओं को व्यस्कों की तुलना में अधिक ध्यान, सुरक्षा और देखभाल की आवश्यकता होती है क्योंकि यह बच्चे के जीवन का सबसे नाजुक चरण होता है। उन्होंने यह भी बताया कि 6 महीने तक बच्चे को माँ के दूध के अलावा कुछ और नहीं मिलना चाहिए क्योंकि शुद्ध शिशु के पोषण का आवश्यकता को पूरा करती है जिससे शिशु को पर्याप्त पोषकतत्व और स्वास्थ्य जीवन मिलता है जरा सी भी लापरवाही से शिशुओं के संक्रमित होने की संभावना अधिक हो सकती है इसलिए हमें बच्चे को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभकिशा आनन्दी ने किया कार्यक्रम का संचालन विभाग की सहायक आचार्य सुश्री स्मृति सिंह तथा आभार ज्ञापन डॉ. अर्चना पाठक ने किया। इस कार्यक्रम में सहायक आचार्य सुश्री नैतिका त्रिपाठी, प्रशिक्षणार्थी सहायक ट्रेनिंग प्रशान्त पुरी सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। विज्ञान विभाग द्वारा शैक्षिक भ्रमण एवं शैक्षिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न विषयों जैसे- वैक्टि-लिंकिड क्रिस्टल, फेज डायग्राम, क्रिस्टल सिस्टेड स्ट्रक्चर, क्वांटम नंबर आदि बिन्दुओं पर आधारित आकर्षक मॉडल थ्रीडी प्रजेन्टेशन के माध्यम से व्याख्या प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बी.एस सी. स्नातक विज्ञान के कुल 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल के शिक्षक श्रीमती प्रियंका निक्षा, श्रीमती दिव्या दुबे एवं सुश्री नम्रता निक्षा ने बी.एस-सी. तृतीय सेमेस्टर की अंकिता सिंह तथा पल्लवी मिश्रा को प्रथम स्थान, पूजा दुबे तथा प्रभु निक्षा को द्वितीय स्थान एवं मनसा चौहान को तृतीय स्थान प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम सहाय ने किया। कार्यक्रम के अन्त में विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार यनंवाल ने विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दी। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

amarujala.com

गोरखपुर | बृहस्पतिवार, 9 नवंबर 2023 8

शोध व्याख्यान में राहुल निषाद प्रथम

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के इतिहास विभाग में विद्यार्थियों में व्याख्यान के प्रति अभिरुचि बढ़ाने के लिए बुधवार को शोध व्याख्यान प्रतियोगिता हुई। गुप्त काल प्राचीन भारत का स्वर्णयुग के विभिन्न आयामों पर विचार प्रस्तुत कर राहुल निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संवाद

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, गुरुवार, 9 नवंबर 2023 08

शोध व्याख्यान में राहुल निषाद अव्वल

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के इतिहास विभाग में विद्यार्थियों में व्याख्यान के प्रति अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार को शोध व्याख्यान प्रतियोगिता हुई। इसमें 'गुप्त काल : प्राचीन भारत का स्वर्णयुग' विषय के विभिन्न आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत कर राहुल निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागी संजना साहनी, रंजना, ज्योति यादव, जाहिदा खातून, ज्योति, सानिया परवीन, प्रियंका और राहुल निषाद शामिल हुए। बीए प्रथम सेमेस्टर की जाहिदा खातून को द्वितीय और प्रियंका को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के अध्यक्ष अनूप कुमार पाण्डेय ने किया।

आज

गोरखपुर, गुरुवार ९ नवम्बर २०२३ ४

शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में राहुल निषाद को प्रथम स्थान

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के इतिहास विभाग में शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्याख्यान के प्रति अभिरूचि विकसित करना तथा शोधोन्मुख समझ विकसित करना है। साथ ही साथ व्याख्यान प्रस्तुतिकरण के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को उन्मुख करना भी है। इस शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में इतिहास विभाग के कुल 8 प्रतिभागियों यथा=संजना साहनी, रंजना, ज्योति यादव, जाहिदा खातून, ज्योति, सानिया परवीन, प्रियंका और राहुल निषाद ने 'गुप्त काल प्राचीन भारत का स्वर्णयुग' के विभिन्न आयामों पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि गुप्तकाल में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उन्नति अपने उत्कृष्ट स्तर पर थी। इस काल में भवन निर्माण कला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत कला, नृत्यकला आदि के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति हुयी। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, श्री हरिकेश यादव, अध्यक्ष राजनीतिशास्त्र विभाग, डॉ. मलिल कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य राजनीतिशास्त्र विभाग उपस्थित रहे। निर्णायक मण्डल ने व्याख्यानों का गहन मूल्यांकन के उपरान्त प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों में से बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के राहुल निषाद को प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की जाहिदा खातून को द्वितीय स्थान एवं बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की प्रियंका को तृतीय स्थान प्रदान किया।



इतिहास विभाग द्वारा आयोजित शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रमाण पत्र प्राप्त करते प्रतिभागीगण

कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन इतिहास विभाग के अध्यक्ष श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने किया तथा आभार ज्ञापन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया। इस शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में इतिहास विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, रविवार, 19 नवंबर 2023 08

प्रिया पाण्डेय प्रथम अविता रहीं द्वितीय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय-जंगल धूसड़ के समाजशास्त्र विभाग में शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए प्रथम सेमेस्टर की प्रिया पाण्डेय ने प्रथम, अविता द्वितीय एवं निशा विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संयोजन समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. अर्चना गुप्ता एवं रितेन्द्र नाथ पाण्डेय शामिल रहे।

आज

गोरखपुर, बुधवार, २२ नवम्बर, २०२३ ४

महाविद्यालय में संस्थापक सप्ताह समारोह की तैयारियाँ प्रारम्भ

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा पथ संचलन, बैण्ड अभ्यास, एन.सी.सी. परेड इत्यादि की तैयारियाँ प्रारम्भ हो चुकी है। इन तैयारियों के सम्बन्ध में पथ संचलन हेतु 20- 20 विद्यार्थियों की एक टोली बनाई गयी, कुल 10 टोलियों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षक नन्दन शर्मा, डा.वेंकट रमन पाण्डेय, डा.अखिलेश गुप्ता, डा.सुबोध कुमार मिश्र, डॉ.आरती सिंह इत्यादि ने प्रशिक्षित किया। इसी क्रम में विद्यार्थियों की एक टोली बैंड अभ्यास का प्रशिक्षण प्रशिक्षक श्रीकान्त मणि त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लिया। एन.सी.सी. की दो टोलियों को लेफ्टिनेन्ट श्री रमाकान्त दुबे ने परेड का प्रशिक्षण दिया।



प्रशिक्षण के दौरान संस्थापक समारोह प्रभारी डॉ. एस.एन.शुक्ल, उपप्राचार्य डा.विजय चौधरी, उप प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह, डा. इक्ष्वाकु प्रताप सिंह, डा. आर.एन. सिंह, डा.अभय श्रीवास्तव, डा.शिव कुमार, डा.दीपशिखा, डा. सुधा शुक्ल इत्यादि शिक्षक सहित अत्यधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, गुरुवार, 9 नवंबर 2023 08

शोध व्याख्यान में राहुल निषाद अव्वल

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के इतिहास विभाग में विद्यार्थियों में व्याख्यान के प्रति अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार को शोध व्याख्यान प्रतियोगिता हुई। इसमें 'गुप्त काल : प्राचीन भारत का स्वर्णयुग' विषय के विभिन्न आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत कर राहुल निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागी संजना साहनी, रंजना, ज्योति यादव, जाहिदा खातून, ज्योति, सानिया परवीन, प्रियंका और राहुल निषाद शामिल हुए। बीए प्रथम सेमेस्टर की जाहिदा खातून को द्वितीय और प्रियंका को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के अध्यक्ष अनूप कुमार पाण्डेय ने किया।

amarujala.com
गोरखपुर | बृहस्पतिवार, 23 नवंबर 2023
अमरउजाला गोरखपुर युवा

54 अभ्यर्थियों को मिला ऑफर लेटर

गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में जॉब एवं अप्रेंटिसशिप फेयर का हुआ आयोजन



दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित जॉब एवं अप्रेंटिसशिप फेयर में इंटरव्यू देते विद्यार्थी। अमर उजाला

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में बुधवार को जॉब एवं अप्रेंटिसशिप फेयर का आयोजन किया गया। इसमें साक्षात्कार के आधार पर विभिन्न कंपनियों ने 54 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें ऑफर लेटर दिया।

रोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले में टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी सेक्टर में बारबेक्यू नेशंस ने 15, इंट फिट ने 22 तथा रेडिसन समूह ने 17 अभ्यर्थियों का चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया। इसके अलावा दो दर्जन अभ्यर्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा अगले चरण के साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. हर्ष सिन्हा तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी मिश्रा ने बताया कि लाजिस्टिक्स सेक्टर में 54 अभ्यर्थियों को 11 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन माह के विशेष प्रशिक्षण के लिए चुना गया। उन्होंने बताया कि टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी सेक्टर में 225 प्रतिभागियों ने तथा लाजिस्टिक्स सेक्टर में 135 पंजीकृत अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

इसके अलावा सेंट एंड्रयूज कॉलेज के शिक्षकों डॉ. केडी पांडेय तथा डॉ. पूजा आनंद और एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के डॉ. भरत कुमार तथा डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला को विशेष शिक्षक प्रशिक्षण के लिए चुना गया।

प्रशिक्षण 28 नवंबर से पांच दिसंबर तक सेंट एंड्रयूज कालेज में आयोजित होगा। इस दौरान लाजिस्टिक्स सेक्टर काउंसिल की अप्रेंटिस हेड अंकुर राजू तथा राजीव गांधी नेशनल एविएशन यूनिवर्सिटी के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ. संभव सिंह, प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. राजर्षि गौड़, प्रो. सतीश चंद्र पांडेय, प्रो. आलोक गोयल, प्रो. विजय कुमार, प्रो. गौर हरि बेहरा, प्रो. विनोद सिंह, प्रो. प्रदीप यादव, प्रो. श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रो. शिखा सिंह आदि मौजूद रहे।

जॉब सीकर ही नहीं, जॉब गिवर भी बनें : प्रो. पूनम टंडन



जॉब एवं अप्रेंटिसशिप फेयर को संबोधित करतीं कुलपति। अमर उजाला

जॉब एवं अप्रेंटिसशिप फेयर में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत बहुत तेजी से दुनिया की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। विद्यार्थियों को स्वरोजगार की ओर जाना चाहिए। विद्यार्थी जॉब सीकर ही नहीं बल्कि जॉब गिवर भी बनें। देश के दूसरे हिस्सों में मिल रहे रोजगार के अवसरों को आजमाना चाहिए। सेंटर फार रिसर्च इन स्कीम्स एंड पालिसीज (क्रिस्प) के वरिष्ठ सलाहकार नीएलवी एसएस सुब्बाराव ने लाजिस्टिक्स और टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी सेक्टर में तेजी से बढ़ रही रोजगार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन नए क्षेत्रों के अनुरूप योग्यता विकसित करने का आह्वान किया।

आज
गोरखपुर, शुक्रवार १० नवम्बर २०२३ ४

विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'मतदाता जागरूकता रैली'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से निकाली गई जो जंगल धूसड़ तिरहा, कृषक इण्टर कॉलेज, हसनगंज आदि गाँव होते हुए महाविद्यालय परिसर पहुँची। इस दौरान स्वयं सेवक/ स्वयंसेविकाएं स्लोगन बोलते हुए पद संचालन किए, साथ ही पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, सत्य और ईमान से, सरकार बनायेगें मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार आदि स्लोगन बोला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतान्त्रिक देश है। भारत के नागरिको को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. मंजेश्वर, डॉ. इक्ष्वाकु प्रताप सिंह, श्री अभिषेक त्रिपाठी आदि शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह एवं डॉ. अखिलेश गुप्त ने किया। सभी स्वयंसेवक /स्वयसेविकाएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा स्वावलंबी ग्राम योजना के अंतर्गत दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर व्यापार मेले का आयोजन महाविद्यालय परिसर स्थित मुख्य लॉन में किया गया। व्यापार मेले का उद्घाटन उप प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। व्यापार मेले में मिट्टी के खिलौने, दीपक, बाती, मूर्ति, सजावटी वस्तु आदि का विक्रय किया गया, इस कार्यक्रम में बी.कॉम. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी शिवम, सदानंद, आदित्य, अभिषेक, प्रियांशु, नितिन, अंशिका, अल्पना, नवनाथ, दीपक, संजना, नेहा, विजय आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे। मेले में सहायक आचार्य डॉ. सुबोध मिश्रा, श्री रमाकान्त दुबे, डॉ. अर्चना गुप्ता, श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थियों ने दीपावली सम्बन्धी विभिन्न सामग्रियों तथा समानो को खरीदा। कार्यक्रम का संयोजन विभाग प्रभारी श्री नन्दन शर्मा ने किया, जबकि अन्य विभागीय शिक्षकों ने सहयोग किया।



आज
गोरखपुर, शनिवार, १८ नवम्बर, २०२३ ४

बलिदान दिवस पर याद किये गये लाला लाजपत राय

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के प्रार्थना सभा में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस पर एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र शानेन्द्र पाण्डेय ने उद्बोधन देते हुए कहा कि लाला लाजपत राय का जन्म पंजाब के मोगा जिले में 28 जनवरी,1865 को एक अग्रवाल जैन परिवार में हुआ था।

वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल के प्रमुख नेता थे। बाल गंगाधर तिलक और विपिन चन्द पाल के साथ इस त्रिमूर्ति को लाल-बाल-पाल के नाम से जाना जाता था। इन्हीं तीनों नेताओं ने सबसे पहले भारत में पूर्ण स्वतन्त्रता की मांग की थी बाद में समूचा देश इनके साथ हो गया। यद्यपि उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती के साथ मिलकर आर्य समाज को पंजाब में लोकप्रिय बनाया। लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों का प्रसार किया, लोग जिन्हें आजकल डी.ए.वी. स्कूल व कालेज के नाम से जानते है। उन्होंने लाहौर में साइमन कमीशन के विरूद्ध आयोजित एक विशाल प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में ये बुरी तरह से घायल हो गये। उस समय उन्होंने कहा था ''मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक किल्ल का काम करेगी। और वही हुआ भी सामान्य का सूर्य अस्त हो गया। ऐसे महान विभूति को पूण महाविद्यालय परिवार हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा 4 से 10 दिसम्बर, 2023 को आयोजित होने वाले संस्थापक सप्ताह समारोह में विभिन्न संस्थानों के प्रत्येक कक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर दो श्रेष्ठतम विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के कुल 526 विद्यार्थी सम्मिलित रहें। इस परीक्षा में संस्थापक सप्ताह समारोह प्रभारी डॉ० एस.एन. शुक्ल सहित अन्य शिक्षकों ने परीक्षा की सम्पूर्ण गतिविधियों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



दैनिक जागरण
गोरखपुर, 23 नवंबर, 2023
www.jagran.com

54 को आफर लेटर, कई को विशेष प्रशिक्षण का मौका

गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में किया गया जाब एवं अप्रेंटिसशिप फेयर का आयोजन

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में बुधवार को जाब एंड अप्रेंटिसशिप फेयर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कंपनियों ने 54 स्नातक अभ्यर्थियों का चयन करते हुए आफर लेटर दिया। रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी सेक्टर में बारबेक्यू नेशंस ने 15, ईट फिट ने 22 तथा रेडिशन समूह ने 17 अभ्यर्थियों का चयन कर आफर लेटर प्रदान दिया। इसके अलावा दो दर्जन अभ्यर्थियों को आन जाब ट्रेनिंग तथा अगले चरण के साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. हर्ष सिन्हा तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अश्विनी मिश्रा ने बताया कि लाजिस्टिक्स सेक्टर में 54 अभ्यर्थियों को 11 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन माह के विशेष प्रशिक्षण के लिए चुना गया। उन्होंने बताया कि टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी सेक्टर में 225 प्रतिभागियों ने तथा लाजिस्टिक्स सेक्टर में 135 पंजीकृत अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया है। इसके अलावा सेंट एंड्यूज कालेज के शिक्षकों डा. केडी पांडेय तथा डा. पूजा आनंद तथा एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ के डा. भरत कुमार तथा डा. सिद्धार्थ शुक्ला को विशेष शिक्षक प्रशिक्षण के लिए चुना गया। प्रशिक्षण 28 नवंबर से पांच दिसंबर तक सेंट एंड्यूज कालेज में आयोजित होगा।


गोरखपुर विश्वविद्यालय में साक्षात्कार लेते रेडिशन ब्लू ग्रुप से जुड़े अधिकारी। जागरण

स्वरोजगार की ओर जाएं विद्यार्थी

: प्रो.पूनम टंडन : प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत बहुत तेजी से दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। इस बदलाव से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के हजारों अवसर पैदा हुए हैं। हम अपने दक्षता और कौशल में जितनी तेजी से वृद्धि करेंगे, हमारे लिए रोजगार के अवसर उतने ही आसान होते जाएंगे।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वरोजगार की ओर जाना चाहिए। विद्यार्थी जाब सीकर ही नहीं बल्कि जाब गिवर भी बनें। साथ ही छात्र-छात्राओं को देश के दूसरे हिस्सों में मिल रहे रोजगार के अवसरों को आजमाना चाहिए।

सेंटर फार रिसर्च इन स्कीम्स एंड पालिसीज (क्रिस्प) के वरिष्ठ सलाहकार वीएलवी एसएस सुब्बाराव ने लाजिस्टिक्स और टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी सेक्टर में तेजी से बढ़ रही रोजगार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन नए क्षेत्रों के अनुरूप योग्यता विकसित करने का आह्वान किया। इस दौरान लाजिस्टिक्स सेक्टर काउंसिल की अप्रेंटिस हेड अंकुर राजू तथा राजीव गांधी नेशनल एविएशन यूनिवर्सिटी के एकेडमिक कोआर्डिनेटर डा. संभव सिंह, प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रो. राजर्षि गौड़, प्रो. सतीश चंद्र पांडेय, प्रो. आलोक गोयल, प्रो. विजय कुमार, प्रो. गौर हरि बेहरा, प्रो. विनोद सिंह, प्रो. प्रदीप यादव, प्रो. श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रो. शिखा सिंह आदि मौजूद रहे।

छात्रावासों में अनधिकृत व्यक्ति मिला तो रद होगा आवंटन

जासं, गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रावासों में व्यवस्था दुरुस्त करने व अराजकता रोकने को लिए विश्वविद्यालय प्रशासन सख्त हो गया है। नियंता मंडल ने छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को हिदायत दी है कि जिसके नाम से कमरा आवंटित है, यदि उसके अलावा कोई बाहरी व्यक्ति कमरे में निवास करते पाया गया तो संबंधित छात्र का आवंटन रद कर दिया जाएगा। नियंता मंडल ने बैठक कर इसको लेकर नियमित सभी छात्रावासों में सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य नियंता प्रो. सतीश पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में छात्रावास को लेकर लिए गए निर्णय के तहत सभी छात्रावासों में निरंतर सघन निरीक्षण अभियान चलाने के साथ ही निगरानी बढ़ाने तथा छात्रों के अलावा बाहरियों के प्रवेश पर अंकुश लगाना आदि शामिल है। मुख्य नियंता ने कहा कि इसको लेकर जल्द ही वीफ वार्डन और छात्रावासों के वार्डन के साथ बैठक कर व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी।

आज
गोरखपुर, गुरुवार, २३ नवम्बर, २०२३

स्वतन्त्रता संग्राम में झलकारी बाई ने निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के अंग्रेजी विभाग द्वारा को "जी 20 सम्मेलन में भारत की भूमिका योगदान, चुनौतियाँ तथा निहितार्थ" विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें अंग्रेजी विभाग के कुल 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, लेखन कौशल का विकास होता है और शब्द कोष में वृद्धि होती है। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम कुमार, द्वितीय स्थान देव कुमार चौधरी, तृतीय स्थान सुमित चौरसिया एवं सांत्वना पुरस्कार धर्मवीर ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर, गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री शिवानी सिंह ने निभायी। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का संयोजन अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष सुश्री शिवानी सिंह ने किया। महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में झलकारी बाई जयन्ती के अवसर पर इतिहास विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि झलकारी बाई का जन्म 22 नवम्बर 1830 ई. को बुन्देलखण्ड उ.प्र. के एक गाँव भोजला के एक निर्धन परिवार में हुआ था। उनके पिता सदोवा उर्फ मूलचन्द कोरी एक सैनिक थे।



वह पिता के सैन्य जीवन से बहुत प्रभावित थी। झलकारी देवी रानी लक्ष्मी बाई की एक महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति थीं। उन्होंने अपने जीवन की परवाह न करते हुए अंग्रेजों से लोहा लिया। उनके बारे में कहा जाता है कि उनका चेहरा रानी लक्ष्मी बाई से मिलता था। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई का वेश धारण कर अंग्रेजों को चकमा दिया। 1857 ई. के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में झलकारी बाई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, 04 अप्रैल 1857 को इनकी मृत्यु हो गई। झलकारी बाई की समाधि ग्वालियर में है।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में अक्टूबर माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़

गोरखपुर